पाठ 8. राजा की होली

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में भावनाओं पर नियंत्रण संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे उत्तेजित व उद्वेलित करने वाले कारकों से सकारात्मक रूप से निपटने की क्षमता बढ़ा सकें। कई बार राजा अच्छा होता है, और उसके मंत्रीगण भ्रष्ट। ऐसे में प्रजा को तकलीफ़ों और भ्रष्ट लोगों के अत्याचारों से गुज़रना पड़ता है। कोई यदि पहल करे और रास्ता खोजे तो राजा को सच से परिचित करा सकता है जैसा कि इस पाठ में राजगुरु ने किया।

पाठ का सार

रामगढ़ के राजा सुजान सिंह नेक राजा थे लेकिन रामगढ़ की मंत्री-परिषद के बहुत सारे मंत्री भ्रष्ट थे। इससे प्रजा त्रस्त थी। राजगुरु ने अपने कर्तव्य को समझा और राजा को प्रजा के सुख-दुख जानने की स्थिति पैदा की।

राजगुरु ने बीमार होने का नाटक किया। होली का दिन था। राजा को जब राजगुरु के बीमार होने की जानकारी मिली तो वे अपने रथ पर सवार होकर राजगुरु से मिलने आने लगे। रास्ते में प्रजाजन होली खेल रहे थे। अपने राजा के साथ वे भी थोड़े संकोच के बाद रंग से खेलने लगे। राजा ने उनसे पूछा कि उनका जीवन कैसा चल रहा है तो प्रजा ने सच-सच बतला दिया कि भ्रष्ट मंत्री किस तरह उन्हें सता रहे हैं। राजा ने मंत्रियों को जेल भेजा। स्थितियाँ ठीक हो गईं। राजगुरु भी ठीक हो गए।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  कहानी का सारांश बताएँ। कहानी को अलग-अलग अंशों में बाँटकर पठन-पाठन करवाएँ। राजा के स्वभाव और कर्तव्य के बारे में चर्चा करें। कहानी को आज के संदर्भ में जोड़कर कुछ प्रश्न पूछें। जैसे—हमारी सरकार हमारी भलाई के लिए क्या-क्या कर रही है। होली का त्योहार आपसी बैर-भाव भुलाने और मेल-जोल बढ़ाने का त्योहार है, इस बात पर ज़ोर दें। आजकल होली के नाम पर कुछ लोग हुड़दंग भी मचाते हैं जो गलत है, यह बात कुछ घटनाओं व अनुभवों के संदर्भ में बताएँ।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 65** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - प्रत्यय की परिभाषा दें। मूल शब्द में जुड़ने वाले कुछ प्रत्ययों का उदाहरण दें। जातिवाचक संज्ञा व विशेषण शब्दों में प्रत्यय जुड़कर भाववाचक संज्ञा बनाते हैं, इसके बारे में समझाएँ।
  - वाक्य में विशेषण और भाववाचक संज्ञा की पहचान किस प्रकार हो सकती है, यह सिखाएँ।

◗ **क्रियाकलाप के लिए संकेत**

- ❖ नाटक कैसे खेला जाता है। यह समझाएँ। इस क्रियाकलाप को करने में बच्चों की सहायता करें। उनसे यह पूछें कि यदि मंच पर इसको प्रस्तुत करना हो तो किस पात्र के लिए किन-किन वस्त्रों की आवश्यकता होगी।
- ❖ बच्चों को बताएँ कि शेरशाह भारतीय शासक थे। इन्होंने 'ग्रैंड ट्रंक रोड' का निर्माण करवाया था। लाइब्रेरी में शेरशाह से संबंधित कुछ पुस्तकें उपलब्ध करवाएँ।